पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———

राज्यपाल जी ने राजभवन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने हेतु साफ्टवेयर का किया लोकार्पण

———

राजभवन में स्थापित होगी भगवान शिव की भव्य प्रतिमा

———

लखनऊः 15 सितम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन की कार्य व्यवस्थाओं को डिजिटल करने के लिए आठ साफ्टवेयर प्रणालियों का लोकार्पण किया। इन प्रणालियों में जिन व्यवस्थाओं को शामिल किया गया है, उनमें राज्यपाल कार्यालय के लिए कार्मिक प्रबन्धन प्रणाली—मानव सम्पदा, राजभवन कर्मिकों को राज्य सरकार की ई—पेंशन प्रणाली से जोड़ा जाना, राजभवन सचिवालय के चतुर्थ श्रेणी के कर्मिकों के लिए जी0पी0एफ0 प्रबन्धन प्रणाली, राजभवन गेट पास एवं परिचय—पत्र प्रबन्धन प्रणाली, आनलाइन राजभवन लाइब्रेरी पोर्टल, राजभवन कर्मिकों के लिए बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली, राज्य सरकार के जन शिकायत निवारण पोर्टल पर राजभवन में प्राप्त शिकायतों के व्यवहरण की व्यवस्था तथा राजभवन में प्राप्त होने वाले उपहारों का डिजिटलाइजेशन शामिल है। लोकार्पण के दौरान राज्यपाल जी ने इन साफ्टवेयर प्रणालियों के संचालन का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि साफ्टवेयर प्रणाली के माध्यम से अब राजभवन के कार्य में पारदर्शिता आयेगी तथा समस्त कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण होंगे। उन्होंने राजभवन लाइब्रेरी के पोर्टल को प्रदेश के डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ की लाइब्रेरी से कनेक्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के विवरण अंकन के समय स्पेलिंग की जांच अवश्य की जाए और शत्—प्रतिशत सही अंकन कराया जाए।

एक अन्य कार्यक्रम में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन परिसर में भगवान शिव की भव्य प्रतिमा स्थापित कराने के लिए भूमि पूजन व

शिलान्यास भी किया। यह प्रतिमा ग्रेनाइट के 10 फुट लम्बे और 7 फुट चौड़े चबूतरे पर लगायी जायेगी जो कि चबूतरे के ऊपर 4 फुट ऊंची होगी, जिसके पृष्ठ में 7 फुट ऊंचे पहाड़ के निर्माण सहित अन्य मनोरम निर्माण किए जाएंगे।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, विशेष सचिव श्री बद्री नाथ सिंह, विशेष कार्याधिकारी (आई0टी0) श्री सुदीप बनर्जी सहित राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(राजभवन 37/15)

भगवान शिव की भव्य प्रतिमा स्थापित कराने के लिए भूमि पूजन व शिलान्यास



राजभवन में आठ साफ्टवेयर प्रणालियों का लोकार्पण



राजभवन में आठ साफ्टवेयर प्रणालियों का लोकार्पण

राजभवन में आठ साफ्टवेयर प्रणालियों का लोकार्पण

भगवान शिव की भव्य प्रतिमा स्थापित कराने के लिए भूमि पूजन व शिलान्यास

राजभवन में आठ साफ्टवेयर प्रणालियों का लोकार्पण